प्रेषक,

डा. तरन्नुम बानो
जनपदीय नोडल अधिकारी (उच्च शिक्षा)
गोरखपुर मण्डल

सेवा में,

1. कुलसचिव, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर
2. कुलसचिव, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर
3. प्राचार्या / प्राचार्य, समस्त शासकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय जनपद- गोरखपुर

पत्रांकः कु.स./उ.शि.गो.-01/2024-25 दिनांक :09/01/2025

विषय : कुम्भ समिट के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सन्दर्भ में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उपसचिव, उ०प्र० शासन के पत्रांक: 2593 /सत्तर-3-2024 उच्च शिक्षा अनुभाग-3 दिनांक 16 अक्टूबर, 2024 द्वारा प्रमुख सचिव, संस्कृत विभाग उ०प्र० शासन के पत्र संख्या-3036/चार 2024-185-6015 दिनांक 04-10-2024 तथा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर के पत्रांक : क्षे.का.गो. / नोडल / 1104-1110 / 2024-25 दिनांक 23.10.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से कुम्भ से पूर्व प्रदेश के समस्त मण्डलों में कुम्भ के महत्व से परिचित कराने एवं जनमानस को सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक पूण्य लाभ हेतु प्रेषित करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त मण्डलों में कुम्भ समिट का आयोजन किया जाना है। कुम्भ समिट के अंतर्गत कुम्भ रोड शो, बाल युवा कुम्भ, शक्ति कुम्भ, कला संस्कृति कुम्भ, कवि कुम्भ, भक्ति कुम्भ आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

अत: उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि शासन द्वारा दिए गये निर्देश के क्रम में आप अपने शिक्षण संस्थान में कुम्भ समिट के अंतर्गत कुम्भ रोड शो, बाल युवा कुम्भ, शक्ति कुम्भ, कला संस्कृति कुम्भ, कवि कुम्भ, भक्ति कुम्भ आदि कार्यक्रमों का आयोजन करवाने तथा आयोजित किये गये कार्यक्रम की फोटोग्राफ, वीडियो क्लिप, न्यूज पेपर कटिंग आदि अधोहस्ताक्षरी के मोबाइल न. 9307117639 अथवा ई-मेल nodalhighergkp@gmail.com पर अवश्य उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।

संलग्नक-उक्तवत

भवदीय

09/01/25
डा. तरन्नुम बानो
जनपदीय नोडल अधिकारी
(उच्च शिक्षा) गोरखपुर

/2024-25 तद्दिनांक

Scanned with CamScanner

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर - 273009

पत्रांक : 16 / सा.प्र. / 2024 दिनांक 10.01.25 2024

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक : उपर्युक्त।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को इस आशय से प्रेषित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिष्ठाता–समस्त संकाय एवं अध्यक्ष समस्त विभाग एवं समन्वयक / निदेशक–समस्त स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम ।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण / समन्वयक,राष्ट्रीय सेवा योजना, समन्वयक– रोवर्स रेंजर्स को इस आशय से प्रेषित कि पत्र के साथ संलग्न प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग,उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 3036 / चार 2024-1856015 दिनांक 04.10.2024 के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए,कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को सूचित कराएं ,जिससे आख्या / सूचना,ससमय शासन प्रेषित की जा सके।
3. निदेशक, दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ / उप निदेशक, गुरु श्री गोरक्षनाथ शोध पीठ, महाराणा प्रताप शिक्षा परिसर।
4. समन्वयक – आई टी सी सेल, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
5. निदेशक, सूचना, प्रकाशन एवं जन सम्पर्क केन्द्र ,प्रभारी सम्बद्धता।
6. प्रभारी, सचिव–कुलपति, कुलपति जी के सूचनार्थ / वै0स0 कुलसचिव।
7. सम्बन्धित पत्रावली / गार्ड फाइल / सूचना केन्द्र।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

महत्वपूर्ण/प्राथमिकता

संख्या- 3036 /चार 2024-1856015

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

संस्कृति विभाग: लखनऊ: दिनांक 04 अक्टूबर, 2024

विषयः-प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के अन्तर्गत मण्डल स्तरीय आयोजन कुम्भ समिट के संबंध में।

महोदय,

भारत के सबसे बड़े सांस्कृतिक-आध्यात्मिक आयोजन प्रयागराज महाकुम्भ जनवरी 2025 से होना निर्धारित है। कुम्भ से पूर्व प्रदेश के समस्त मण्डलों में कुम्भ के महत्व से परिचित कराने एवं जनमानस को सांस्कृतिक आध्यात्मिक पुण्य-लाभ हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त मण्डलों में कुम्भ समिट का आयोजन किया जाना है, जिसमें कुम्भ रोड शो, बाल-युवा कुम्भ, शक्ति कुम्भ, कला-संस्कृति कुम्भ, कवि कुम्भ, भक्ति कुम्भ के अन्तर्गत कार्यक्रमों का आयोजन निम्नवत् किया जाना है:-

1- मण्डल स्तरीय आयोजन में चित्रकला एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता तथा प्रदर्शनी का आयोजन उ०प्र० राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ द्वारा किया जायेगा।

2- मण्डल स्तरीय आयोजन में शास्त्रीय-उपशास्त्रीय गायन-वादन, नृत्य की प्रतियोगिताएं एवं प्रस्तुतियां उ०प्र० संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा करायी जायेंगी।

3- उ०प्र० राज्य पुरातत्व विभाग/उ०प्र० राजकीय अभिलेखागार/उ०प्र० संग्रहालय निदेशालय/संस्कृति निदेशालय उ०प्र०, लखनऊ द्वारा क्रमशः प्रदेश की सांस्कृतिक-आध्यात्मिक धरोहर, अभिलेख, पेंटिंग, छायांकन/कुम्भ थिमेटिक विषयक प्रदर्शनियां कार्यक्रम स्थल पर लगायी जायेंगी।

4- भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ द्वारा नाट्य प्रतियोगिताएं एवं प्रस्तुतियां करायी जायेंगी।

5- उ०प्र० लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा लोक कला एवं जनजाति विषयक प्रतियोगिताओं व प्रस्तुतियों तथा रंग, फूल, सब्जिया आदि से रंगोली का आयोजन एवं बुकलेट का वितरण कराया जायेगा।

6- पुरातत्व निदेशालय द्वारा उ०प्र० की सांस्कृतिक-आध्यात्मिक धरोहर, कुम्भ की परंपरा, महत्व आदि पर आधारित ओपेन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

7- मण्डल स्तरीय कार्यक्रमों में थिमेटिक रूप से साज-सज्जा एम्बीयंस, होर्डिंग, स्टैण्डी, मंच से संबंधित व्यवस्थाएं, टेंट आदि एकीकृत स्वरूप के अनुसार संस्कृति निदेशालय उ०प्र० से समन्वय कर सुनिश्चित की जायेगी।

8- मण्डल स्तरीय कार्यक्रमों के दौरान भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा संगोष्ठी एवं विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा कुम्भ थिमेटिक विशिष्ट रूप से तैयार नृत्य नाटिकायें, गायन आदि की प्रस्तुतियां समन्वय कर करायी जायेंगी।

9- बिन्दु सं०-1 से 6 तक की गतिविधियां स्थानीय स्तर पर शिक्षा विभाग से समन्वय कर आयोजित की जायेंगी।

10- मण्डल स्तरीय कार्यक्रमों में पर्यटन, धर्मार्थ कार्य, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, माध्यमिक/उच्च शिक्षा विभाग की गतिविधियां-

| क्र० | विभाग | मण्डलीय कार्यक्रम में विभागीय गतिविधियां |
|---|---|---|

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पर्यटन विभाग | (क) मण्डल स्तरीय कार्यक्रमों में पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के आध्यात्मिक पर्यटन, विशिष्ट वस्तुओं, पर्यटन साहित्य से संबंधित स्टॉल एवं मण्डलवार आध्यात्मिक टूर आयोजित किये जायेंगे।<br>(ख) मण्डल स्तरीय कार्यक्रमों के दौरान प्रदेश के नैमिक पर्यटन स्थलों पर प्रतिदिन प्रयागराज महाकुम्भ-2025 से संबंधित विशिष्ट लेजर शो/ड्रोन शो पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किये जायेंगे। |
| 2 | धर्मार्थ कार्य विभाग | धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा मण्डल स्तरीय कार्यक्रमों के दौरान संबंधित मण्डलों के आध्यात्मिक, धर्मार्थ स्थलों पर विशिष्ट प्रदर्शनी एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। |
| 3 | सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग | सूचना विभाग, उ0प्र0 द्वारा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रयागराज महाकुम्भ-2025 से संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। |
| 4 | माध्यमिक /उच्च शिक्षा विभाग | मण्डल स्तरीय कार्यक्रमों में विद्यालयीन, महाविद्यालयीन, विश्वविद्यालयीन छात्रों की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। उत्कृष्ट/विजेता प्रतिभागियों को मण्डलीय स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभागिता। |
| नोट- बिन्दु-1 से 4 पर अंकित कार्यक्रम संबंधित विभाग अपने स्तर व संसाधनों द्वारा कराया जायेगा। | | |

11- कार्यक्रम के प्रथम दिवस विभिन्न वेश-भूषाओं में प्रतिभागियों कलाकारों, बैण्ड आदि को लेकर कुम्भ कलश से सुसज्जित रोड शो जनसहभागिता के साथ आयोजित किया जायेगा।

12- स्थानीय विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/इण्टर कालेजों एवं कला संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत पंजीकृत स्थानीय संस्थाओं को आवश्यकतानुसार जोड़कर उनकी सहभागिता के साथ आयोजन कराया जायेगा।

13- कार्यक्रम में लोक गायन, लोक नृत्य, नृत्य नाटिकाओं, भजन गायन, लोकप्रिय गायन आदि की प्रस्तुतियां करायी जाये। विभाग की कलाकार निर्देशिका (artistdirectoryupculture.com) से कलाकारों को प्रस्तुति हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा। आवश्यक अन्य एवं विशिष्ट व लोकप्रिय कलाकारों की प्रस्तुतियां शासनादेश दिनांक 27.12.2022 के व्यवस्थानुसार करायी जायेंगी।

14- मण्डल स्तरीय कार्यक्रम के दौरान रोड शो/शोभा यात्रा हेतु स्थान स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था/ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। रोड शो का रूट कोओर्डिनेटर संबंधित जिला प्रशासन से समन्वय कर सुनिश्चित करेंगे।

15- मण्डल स्तरीय आयोजनों में संबंधित जनपद के स्थानीय प्रशासन द्वारा विशिष्ट अतिथियों के आगमन पर पुलिस स्कॉट की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

16- मण्डल स्तरीय आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था एम्बुलेंस (चिकित्सीय सुविधाओं सहित), फायर ब्रिगेड, साफ-सफाई, पेयजल आदि की व्यवस्था संबंधित जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।

17- मण्डलवार कार्यक्रम हेतु विभाग से नामित कोओर्डिनेटर संबंधित व्यवस्थाएं/सेवाएं समन्वय कर सुनिश्चित करेंगे एवं कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने का उत्तरदायित्व उनका होगा।

18- स्थानीय स्तर पर विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों/सर्किट हाउस में कार्यक्रम से पूर्व आवास हेतु समन्वय स्थापित किया जायेगा।

19- मण्डल स्तरीय कार्यक्रमों में कलाकारों हेतु दिनांक 27.12.2022 शासनादेश के अनुसार आवास-भोजन की नियमानुरूप उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

20- उच्च निर्देशों/अपरिहार्य स्थिति/संबंधित द्वारा असमर्थता व्यक्त करने पर आंशिक रूप से कलाकारों/स्थलों/तिथियों में परिवर्तन किया जा सकता है।

21- मण्डल स्तरीय आयोजन को कोओर्डिनेटर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहकर भव्यता के साथ निर्धारित तिथियों में संस्कृति निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ से समन्वय कर सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

22- संबंधित कोआर्डिनेटर मण्डल स्तरीय कार्यक्रमों के सम्पन्नोपरांत मीडिया कवरेज छायाचित्र आदि के साथ

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

सत्यापित बीजक संस्कृति निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ को भुगतान हेतु प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम हेतु तिथियों, स्थलों एवं कोआर्डिनेटर का विवरण संलग्न है।

23- मण्डलीय जनपदों में स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी या उनके द्वारा नामित अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।

24- मण्डल स्तरीय आयोजन हेतु संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 स्तर से डॉ0 राजेश अहिरवार, सहायक निदेशक (मो0-8839923506, व्हाट्सएप-9657856269) को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्तानुसार प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के अन्तर्गत मण्डल स्तरीय आयोजन कुम्भ समिट एवं तत्संबंधी यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संबंधित जनपद/मण्डल में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय

Signed by
(मुकेश कुमार मेश्राम)
Mukesh Kumar Meshram
प्रमुख सचिव
Date: 04-10-2024 13:39:04

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उ0प्र0।
3. स्टाफ आफिसर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
4. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
5. अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. प्रमुख सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. प्रमुख सचिव, माध्यमिक/उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. प्रमुख सचिव, धर्मार्थ कार्य विभाग, उ0प्र0 शासन।
9. महानिदेशक, पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0, पर्यटन भवन, लखनऊ।
10. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, लखनऊ।
11. निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
12. कुलसचिव, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ।
13. निदेशक,पुरातत्व/संग्रहालय/अभिलेखागार/अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान/ उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी/ उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी/भारतेन्दु नाट्य अकादमी/लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ।
14. संबंधित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय के मा0 कुलपति/कुलसचिव/प्राचार्य।
15. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
Signed by
Ravindra Kumar
(रवीन्द्र कुमार)
Date: 04-10-2024 16:12:04
विशेष सचिव

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

# प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के अन्तर्गत
## मण्डल स्तरीय कुम्भ सम्मिट

| क्र.सं. | प्रस्तावित तिथियाँ | मण्डल का नाम | नामित कोआर्डिनेटर (समन्वयक) | प्रस्तावित स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 08-09 अक्टूबर, 2024 (शुभारम्भ) | लखनऊ मंडल | डॉ0 राजेश अहिरवार, सहायक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0। मो0 8839923506 | मरीन ड्राइव, 1090 चौराहा, गोमती नगर, लखनऊ। |
| 2. | 11-12 अक्टूबर, 2024 | झांसी मंडल | श्री अतुल द्विवेदी, निदेशक, उ0प्र0 लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ। मो0 9415611896 | बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी। |
| 3. | 14-15 अक्टूबर, 2024 | वाराणसी मंडल | डॉ0 शोभित कुमार नाहर, निदेशक, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ। मो0 9956778899 | बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी। |
| 4. | 17-18 अक्टूबर, 2024 | चित्रकूट मंडल | श्री तुहिन द्विवेदी, सहायक निदेशक (विधि), संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0। मो0 7060064089 | श्री राम भद्राचार्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट। |
| 5. | 21-22 अक्टूबर, 2024 | कानपुर मंडल | डॉ0 श्रद्धा शुक्ला, निदेशक, उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ। मो0 7728849381 | छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर। |
| 6. | 24-25 अक्टूबर, 2024 | अयोध्या मंडल | श्री कमलेश कुमार पाठक, कार्यक्रम अधिशासी, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0। मो0 9151011747 | राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या। |
| 7. | 05-06 नवम्बर, 2024 | मेरठ मंडल | डॉ0 राकेश सिंह, निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ। मो0 9151011747 | स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ। |
| 8. | 08-09 नवम्बर, 2024 | अलीगढ़ मंडल | डॉ0 शोभित कुमार नाहर, निदेशक, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ। मो0 9956778899 | मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़। |
| 9. | 11-12 नवम्बर, 2024 | आगरा मंडल | श्री अतुल द्विवेदी, निदेशक, उ0प्र0 लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ। मो0 9415611896 | दयालबाग इन्स्टीट्यूट, आगरा। |
| 10. | 14-15 नवम्बर, 2024 | गोरखपुर मंडल | डॉ0 श्रद्धा शुक्ला, निदेशक, उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ। मो0 7728849381 | दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर। |

Scanned with CamScanner
Scanned with OKEN Scanner